# विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक / अकादमिक / पीएच.डी.पंजी. / 2022 / 195 दिनांक : 2-2-22

## –:: अधिसूचना ::–

पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2022 के आयोजन एवं प्रवेश संबंधी समस्त कार्यवाही हेतु केन्द्रीय क्रियान्वयन एवं प्रवेश समिति द्वारा प्रदत्त अनुशंसा के अनुमोदन के उपरांत आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि,दिनांक 06.03.2022 को पीएच.डी. पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। उपरोक्त परीक्षा के आयोजन एवं प्रवेश संबंधी आगामी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये जाते हैं :–

**पीएच.डी. विषय** :–हिन्दी,अंग्रेजी,संस्कृत,संगीत,उर्दू,चित्रकला,दर्शनशास्त्र,ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान,प्रा.भा.इं.सं.एवं पुरा., अर्थशास्त्र,भूगोल,राजनीति विज्ञान,इतिहास,भौतिकशास्त्र,रसायन,सांख्यिकी,भौमिकी,वनस्पति विज्ञान,प्राणिकी, सूक्ष्म जीवविज्ञान,कम्प्यूटर विज्ञान,वाणिज्य,शिक्षा,विधि,इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी,व्यवसाय प्रबंध,गृह विज्ञान,

**पात्रता** :–1 A candidate for the degree of Doctor of Philosophy must, at the time of application, hold a Master's degree or equivalent in the concerned or allied subject with at least 55% Marks (50% for SC/ST/OBC (non-creamy layer)/Differently-Abled and other categories of candidates as per the decision of the UGC from time to time, or for those who had obtained their Master's degree prior to 19th September,1991.) of the University, a deemed University or other University incorporated by any law for the time being in force and recognized by the University.

2. Candidates shall be admitted through an entrance test followed by an interview.The students who have qualified UGC-NET with JRF/UGC-CSIR-NET with JRF/teacher fellowship holder or any other Government/Foreign research fellowship holder or have passed M.Phil. programme(as per UGC Regulation 2009 or amended thereafter) with course work shall be exempted from the entrance test but they have to appear in the interview.

**आवेदन शुल्क का विवरण** :–पीएच.डी. हेतु – रू. 2,000/–(अक्षरी रूपये दो हजार मात्र)
**विलम्ब शुल्क** – पीएच.डी. हेतु – रू. 500/– (अक्षरी रू. पॉच सौ मात्र)

**आवेदन की तिथि**– आवेदन दिनांक 22.02.2022 तक एवं विलंब शुल्क के साथ दिनांक 28.02.2022 तक भरे जा सकते है ।

**प्रवेश परीक्षा दिनांक** :–06.03.2022 वस्तुनिष्ठ प्रकार से (Objective Type Question)

**प्रवेश परीक्षा का समय** :– पीएच.डी. पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा हेतु –प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक
नोट :– अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से 01 घण्टे पूर्व पहुंचकर रिपोर्ट देनी होगी।

**परीक्षा केन्द्र का स्थान** :–1. कला संकाय,सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु –सुमन मानविकी भवन,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
2. विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय व अन्य सभी संकाय हेतु भौतिकी अध्ययनशाला,विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

02 समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / प्राचार्य पीएच.डी. अध्यादेश क्रमांक 11 का पालन सुनिश्चित करेंगे।

03 उपकुलसचिव(परीक्षा) एवं सहायक कुलसचिव (गोपनीय) को निर्देशित किया जाये कि, दिनांक 06.03.2022(रविवार) को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के आयोजन संबंधी समस्त व्यवस्था की पूर्वोत्तर तैयारी सुनिश्चित करें। एवं समन्वयकों को सूचित कर परीक्षा आयोजन संबंधी योजना से माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी को अवगत करावे।

निरंतर...02

04. प्रवेश परीक्षा का परिणाम दिनांक 06.03.2022 को ही घोषित किया जायेगा। अध्यादेश क्रमांक 11 की कंडिका 08 के अन्तर्गत माननीय कुलपतिजी द्वारा गठित आर.ए.सी. समिति द्वारा अध्यादेश के पालनार्थ परीक्षा के परिणाम तैयार करने के साथ प्रवेश संबंधी आगामी समस्त कार्यवाही का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। अतः विभागाध्यक्ष एवं निदेशक अपने विषय से संबंधित आर.ए.सी. सदस्यों को निश्चित समय सारणी अनुसार संबंधित शोध केन्द्र पर उपस्थित होने हेतु सूचित करेंगे एवं परीक्षा परिणाम तैयार करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा ऐसे विषय जिनका शोध केन्द्र शासकीय महाविद्यालय है उन विषयों की आर.ए.सी. के सदस्यों को संबंधित प्राचार्य विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव, गोपनीय विभाग से संपर्क कर परिणाम तैयार करने संबंधी आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

05. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य को निर्देशित किया जाये कि, परीक्षा उपरांत पीएच.डी. की प्रातः 12:15 बजे उत्तर पत्रिका एवं उत्तर कुंजी, संबंधित केन्द्र से प्राप्त कर आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

06. परीक्षा परिणाम तैयार होने के पश्चात संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य परीक्षा परिणाम एवं परीक्षा परिणाम तालिका पर ही प्रवेश की आगामी कार्यवाही के लिये आर.ए.सी. की बैठक आयोजित करने संबंधी निर्धारित तिथि का अंकन परीक्षा परिणाम प्रपत्र पर करेंगे एवं परीक्षा परिणाम दो प्रतियों में देंगे। उत्तर पत्रिका एवं उत्तर कुंजी गोपनीय विभाग की ओर पहूँचाने की व्यवस्था करेंगे।

07. उपकुलसचिव,गोपनीय विभाग समस्त विभागाध्यक्षों/निदेशक/प्राचार्य से प्राप्त प्रवेश परीक्षा सूची अनुमोदन करवाने के पश्चात परिणाम घोषित कर उपरोक्त सूची को प्रसारित करने हेतु कम्प्यूटर सेंटर की ओर पहूचाने की व्यवस्था करेंगे।

08. पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के परिणाम निर्धारित तिथि पर ही विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर एवं प्रभारी ऑनलाइन को उपरोक्त कार्य की पूर्वोत्तर तैयारी हेतु निर्देशित किया जाये।

09. प्रवेश परीक्षा परिणाम 06.03.2022 को ही घोषित किया जावेगा। इस हेतु अध्यादेश क्रमांक 11 की कंडिका 08 के अन्तर्गत माननीय कुलपतिजी द्वारा गठित आर.ए.सी. समिति द्वारा अध्यादेश के पालनार्थ परीक्षा एवं प्रवेश संबंधी आगामी समस्त कार्यवाही क्रियान्वित एवं सुनिश्चित की जाये।

10. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य पीएच.डी. परीक्षा परिणाम घेषित होने के आगामी 15 दिवस के अन्तर्गत ही (आर.ए.सी.) की बैठक आयोजित कर साक्षात्कार एवं प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करने हेतु निर्देशित किया जाये।

11. पीएच.डी.पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा तथा राज्य आरक्षण का लाभ मध्यप्रदेश के मूल निवासी को ही प्राप्त होगा।

12. पीएच.डी.पाठ्यक्रम में चयनित समस्त छात्र साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु अध्यादेश क्रमांक 11 की कंडिका 9(बी) के पालनार्थ आवश्यक रूप से अपने विषय के शोध निर्देशकों से सहमति पत्र एवं शोध कार्य कराने में कोई आपत्ति नहीं है, का प्रमाण पत्र प्राप्त कर आर.ए.सी. के समक्ष प्रस्तुत होंगे। इस हेतु संबंधित शोध केन्द्र के विभागाध्यक्ष/प्राचार्य छात्रों को शोध निर्देशक संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे।

13. पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आर.ए.सी. से चयनित छात्रों की सूची प्रभारी ऑनलाईन सेंटर की ओर प्रेषित की जावे।

14. चयनित छात्रों से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कोर्सवर्क/पंजीयन शुल्क एवं अन्य निर्धारित शुल्क जो समय–समय पर नियमानुसार एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से जमा कराई जायेगी। संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य छात्रों को शुल्क जमा करने हेतु सूचित करेंगे।

15. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य चयनित अभ्यर्थियों की सूची प्रभारी ऑनलाईन को प्रेषित करने एवं प्रसारित होने के साथ आगामी सात दिवस में छात्रों को कोर्सवर्क शुल्क जमा करने हेतु निर्देशित भी करेंगे। इस हेतु चयनित छात्रों की सूची पर शुल्क जमा करने की तिथि का अंकन करते हुए प्रभारी ऑनलाईन की ओर ऑनलाइन लिंक खोले जाने की लिखित सूचना प्रेषित करेंगे। साथ ही उपरोक्त चयनित छात्रों को सूचना से अवगत करावें।

16. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य चयनित अभ्यर्थियों की सूची वेबसाईट पर प्रसारण के 15 दिवस पश्चात कोर्सवर्क पाठ्यक्रम का आयोजन अध्यादेश क्रमांक 11 की कंडिका 11(बी) एवं (सी) का पालन सुनिश्चित करेंगे साथ ही कोर्सवर्क पाठ्यक्रम की समय सारणी की सूचना अभ्यर्थी को देवें।

17. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य/समस्त रिसर्च एडवाईजर कमेटी(आर.ए.सी.) एवं उक्त कार्य में संलग्न अधिकारी व कर्मचारीगण समिति द्वारा दिये गये परीक्षा व्यवस्था संबंधी निर्देशानुसार वर्ष 2022 की प्रवेश परीक्षा के आयोजन संबंधी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

अतः समस्त विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/निदेशक/समस्त रिसर्च एडवाईजर कमेटी (आर.ए.सी.) एवं उक्त कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी दिये गये निर्देशों के पालनार्थ 2022 पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा संबंधी व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**आदेशानुसार**

**कुलसचिव**

निरंतर...03

क्रमांक / अकादमिक / पीएच.डी.पंजी. / 2022 /　　　　　　　　दिनांक :

**प्रतिलिपि :–**

01. विभागाध्यक्ष, / निदेशक, समस्त अध्ययनशाला / संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
02. प्राचार्य, शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय,(विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त समस्त शोध केन्द्र) विक्रम विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र।
03. समस्त रिसर्च एडवाईजर कमेटी(आर.ए.सी.) विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
04. समन्वयक, पीएच.डी.प्रवेश परीक्षा विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
05. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन,उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करना एवं अधिसूचना में दिय गये निर्देशों के पालनार्थ आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करें।
06. प्रभारी, ऑनलाईन सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
07. समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी. सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
08. कुलानुशासक, विक्रम विश्वविद्यालय,उजैन।
09. उप / सहायक कुलसचिव, लेखा / परीक्षा / गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
10. माननीय कुलपतिजी / कुलसचिवजी के निजी सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

**उप कुलसचिव(अकादमिक)**

433 E/New Folder/Desktop/Kavita